साहित्य अकादेमी
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली- 110 001
☎ 23386623/23387064, 🖷 23382428, ✉secretary@sahitya-akademi.gov.in

डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव

सा.अ.61/वाई.पी/20/ 29 जुलाई 2019

# प्रेस विज्ञप्ति
## साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2020

साहित्य अकादेमी वर्ष 2020 के युवा पुरस्कार के लिए अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त समस्त 24 भाषाओं में 35 वर्ष या इससे कम उम्र के युवा भारतीय लेखकों एवं प्रकाशकों की पुस्तकों को आमंत्रित करती है। आवेदक/लेखक की उम्र 1 जनवरी 2020 को 35 वर्ष अथवा उससे कम होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2019 है। पुस्तकों के साथ लेखक को जन्म-प्रमाण पत्र तथा अपनी शैक्षणिक योग्यता की एक प्रति वर्ग I राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत् रुप से सत्यापित कर शपथ पत्र के साथ जमा करनी होगी। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी साहित्य अकादेमी की वेबसाइट: http://sahitya-akademi.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2011 से भारतीय भाषाओं में 35 वर्ष अथवा उससे कम उम्र के युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने हेतु युवा पुरस्कार प्रारंभ किया था। 2011 से अब तक भारतीय भाषाओं में युवा लेखकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए कुल 204 पुरस्कार अकादेमी द्वारा मान्यता प्रदत्त भाषाओं में दिए गए हैं। असमिया, बाङ्ला, बोडो, डोगरी, अंग्रेज़ी, गुजराती, हिंदी, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाळम्, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, राजस्थानी, संताली, संस्कृत, सिंधी, तमिळ, तेलुगु तथा उर्दू में युवा भारतीय लेखकों द्वारा रचित श्रेष्ठ कृतियों को प्रतिवर्ष युवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाते हैं, इसमें पुरस्कार विजेताओं को 50,000/- रुपये की राशि, एक ताम्रफलक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

के. श्रीनिवासराव